## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 11.05.2026** **समय : 1905**

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमनाथ मंदिर को आस्था और राष्ट्र की शाश्वत आत्मा का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह महोत्सव भारत के दृष्टिकोण को आने वाले एक हजार वर्ष तक प्रेरित करेगा।
2. पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री सुभेंदु अधिकारी ने आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना लागू करने की घोषणा की।
3. सांसद बिष्णु पद रे ने विम्बर्लीगंज डिवीजन में व्यापक सड़क सुधार योजनाओं की आधारशिला रखीं।
4. समुद्री घुसपैठ को रोकने के लिए अंडमान निकोबार द्वीप समूह में सागर कवच अभ्यास का चौदह मई से संचालन किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सोमनाथ मंदिर अटूट आस्था, दिव्यता और देश की शाश्वत आत्मा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ अमृत पर्व केवल अतीत का उत्सव नहीं है बल्कि यह आने वाले एक हजार वर्षों तक देश की प्रेरणा बनेगा। गुजरात में सोमनाथ अमृत महोत्सव को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सोमनाथ लोगों को यह याद दिलाता है कि कोई भी राष्ट्र तभी लंबे समय तक मजबूती से खड़ा रह सकता है जब वह अपनी जड़ों से जुड़ा रहे।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने सोमनाथ महादेव मंदिर में विशेष महापूजा की। उन्होंने सोमनाथ मंदिर के शिखर पर कुंभाभिषेक भी किया। मंदिर के इतिहास में पहली बार शिखर पर 11 तीर्थ स्थलों से लाए गए पवित्र जल से जलाभिषेक किया गया। वायुसेना ने एयर शो किया जिसमें सूर्यकिरण एयरोबैटिक्स टीम ने सोमनाथ के ऊपर मनमोहक करतब दिखाने के साथ ही हेलीकॉप्टर से सोमनाथ मंदिर के ऊपर पुष्प वर्षा की गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि 11 मई उन्नीस सौ अट्ठानबे को तीन परमाणु परीक्षण किए गए थे जिनके माध्यम से देश के वैज्ञानिकों ने भारत की क्षमताओं का प्रदर्शन पूरी दुनिया के सामने किया।

<><><><><><><>

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुभेंदु अधिकारी ने राज्य में केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना और कई अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की घोषणा की। राज्य को अब आधिकारिक तौर पर आयुष्मान भारत योजना में शामिल कर लिया गया है, साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ भी प्राप्त किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री सुभेंदु अधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार के दिशा–निर्देश तत्काल लागू किए जा रहे हैं। मंत्रिमंडल ने चुनाव प्रचार के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा दिए गए वचन के अनुसार विद्यालय की नौकरी के आवेदकों के लिए उम्र सीमा में पांच वर्ष का विस्तार करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय प्राणी सर्वेक्षण में '**स्थानीय कार्यों से वैश्विक स्तर पर प्रभाव उत्पन्न करना**', विषय पर शिल्प निर्माण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जैव विविधता संरक्षण में स्थानीय स्तर पर किए जाने वाले प्रयासों, सामुदायिक भागीदारी और व्यक्तिगत योगदान के महत्व को बताना है। प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण में कमी तथा स्थानीय वनस्पतियों और जीव–जंतुओं की सुरक्षा के प्रति भी जागरुक किया जाएगा, जिससे वैश्विक स्तर पर जैव विविधता संरक्षण को मजबूती मिल सके। प्रतियोगिता में छात्र, शिक्षक, शोधार्थी और वैज्ञानिक भाग ले सकेंगे। यह कार्यक्रम 19 एवं 20 मई को राजधानी श्री विजयपुरम् स्थित भारतीय प्राणी सर्वेक्षण में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति ने सभी औद्योगिक इकाइयों एवं संबंधित हितधारकों को सूचित किया है कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी उद्योग, प्रक्रिया, उपचार एवं निस्तारण प्रणाली अथवा औद्योगिक संयंत्र की स्थापना एवं संचालन नहीं किया जा सकता। समिति के अनुसार द्वीप समूह में कई औद्योगिक इकाइयां आवश्यक अनुमति प्राप्त किए बिना स्थापित एवं संचालित हो रही हैं, जो वैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन है। सभी औद्योगिक उद्यमियों एवं हितधारकों को निर्देशित किया गया है कि वे स्थापना से पूर्व सीटीई तथा संचालन से पूर्व सीटीओ ऑनलाइन पोर्टल www.anocmms.nic.in के माध्यम से प्राप्त करें। निर्धारित प्रावधानों का पालन नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के सांसद विष्णु पद रे ने विम्बर्लीगंज डिवीजन तथा नगरपालिका क्षेत्रों में विभिन्न सड़क सुधार एवं मरम्मत कार्यों की आधारशिला रखी। यह कार्यक्रम होप टाउन, शोर पॉइंट, बंबूफ्लैट, टापू बस्ती, कन्यापुरम, विम्बर्लीगंज, शोल बे, राइट मेयो और मन्नारघाट सहित कुल 19 स्थानों पर आयोजित किया गया। आज सांसद द्वारा नगरपालिका क्षेत्रों के अंतर्गत हैड्डो, दिलानीपुर, प्रेमनगर, डेयरी फार्म, स्कूल लाइन, डॉलीगंज और ओल्ड पहाड़गांव सहित 9 स्थानों पर लिंक सड़कों के विशेष मरम्मत, नवीनीकरण और सुधार कार्यों की आधारशिला रखी गई। इन योजनाओं से क्षेत्रीय सड़क संपर्क व्यवस्था को मजबूत करने तथा आवागमन को सुगम बनाने में मदद मिलेगी।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह में तटीय सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सागर कवच – SKV नामक तटीय सुरक्षा अभ्यास का आयोजन 14 मई को सुबह 6 बजे से 15 मई को शाम 6 बजे तक किया जाएगा। इस अभ्यास का उद्देश्य समुद्री मार्ग से घुसपैठ तथा संवेदनशील क्षेत्रों पर संभावित हमलों का तटीय सुरक्षा तंत्र की प्रभावशीलता का परीक्षण करना है। अभ्यास के दौरान विभिन्न सुरक्षा एजेंसियां और बल संयुक्त रूप से भाग लेकर सुरक्षा व्यवस्थाओं, समन्वय क्षमता तथा त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली का मूल्यांकन करेंगे। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि अभ्यास की अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की गतिविधियों से घबराएं नहीं तथा सुरक्षा बलों और सहभागी एजेंसियों को पूरा सहयोग प्रदान करें।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने सूचित किया है कि आईआरबीएन कर्मियों के वार्षिक रेंज वर्गीकरण फायरिंग अभ्यास का आयोजन नेताजी सुभाष चन्द्र बोस पुलिस प्रशिक्षण संस्थान फायरिंग रेंज, बर्ड लाइन, प्रातरापुर में किया जाएगा। यह अभ्यास 12,15, 19, 22, 26 और 29 मई तथा 2, 5, 9, 12, 16, 19 और 23 जून को प्रतिदिन सुबह 6 बजे से दोपहर 3 बजे तक सम्पन्न होगा। प्रशासन ने आम जनता, विशेष रूप से बर्ड लाइन और प्रातरापुर क्षेत्र के निवासियों को सतर्क रहने की सलाह दी है। निर्धारित तिथियों और समय के दौरान लोग स्वयं तथा अपने मवेशियों को फायरिंग रेंज क्षेत्र से दूर रखें।

<><><><><><>

भारतीय मौसम विभाग ने तटीय क्षेत्रों के लिए ऊँची लहरों की चेतावनी जारी की है। आज शाम से कल तक 0.9 से 1.6 मीटर ऊँचाई तक की लहरें उठने की आशंका जताई गई है। इस दौरान 15 से 20 सेकंड के अंतराल पर समुद्री लहरों की तीव्रता बढ़ सकती है। नागरिकों एवं पर्यटकों को समुद्र तटों पर अत्यंत सतर्क रहने तथा मनोरंजन गतिविधियों से बचने की सलाह दी गई है। इसके अतिरिक्त, उत्तर एवं मध्य अंडमान, दक्षिण अंडमान तथा निकोबार जिलों में कल बिजली चमकने, गरज के साथ वर्षा और 40–50 किमी/घंटा की तेज हवाओं की संभावना व्यक्त की गई है।

<><><><><><>